卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 172 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦30 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## लोक साहित्य के संरक्षण को सरकार प्रतिबद्ध: धामी

### मुख्यमंत्री ने साहित्यकारों को 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान' से नवाजा

देहरादून। सोमवार को यहां आयोजित 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की विभिन्न विभूतियों को साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया।





इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और साहित्यकारों को समाज का सजग प्रहरी बताते हुए उनकी लेखनी की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि साहित्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं है बल्कि यह हमारे समाज का जीवंत दर्पण है। उन्होंने कहा कि एक रचनाकार अपनी दूरदृष्टि और लेखनी से समाज को न केवल नई दिशा देता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध विरासत भी छोड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की देवतुल्य भूमि सदैव से ही ज्ञान और साधना का केंद्र रही है। यहां कीलोक परंपराओं ,वीर गाथाओं और प्राकृतिक सौंदर्य को जिस प्रकार हमारे साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में पिरोया है ,वह अतुलनीय है। सीएम ने युवाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में हमारी नई पीढ़ी को (शेष पृष्ठ सात पर)

## जमीनी विवाद में चली गोलियां,एक की मौत

गदरपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बकेनिया में रविवार देर रात जमीनी विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जहां दो भाइयों के बीच चल रही पुरानी रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पर तमंचे से गोली चला दी, जिससे एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बकेनिया निवासी सरवेश्वर और उसके भाई सर्वजीत के बीच काफी समय से पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पूर्व में कई बार पंचायत स्तर पर समझौते के प्रयास किए गए, लेकिन मामला सुलझ नहीं सका। रविवार की रात एक बार फिर दोनों पक्ष इसी मुद्दे को लेकर आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी गाली-गलौज और हिंसक झड़प में बदल गई। प्राप्त के अनुसार, हाथापाई के दौरान आवेश में आकर एक पक्ष ने तमंचा निकाल लिया और सरवेश्वर पर फायर झोंक दिया। गोली सीधे सरवेश्वर को लगी और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पक्ष मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में परिजन घायल सरवेश्वर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों (शेष पृष्ठ सात पर)

## फर्जी वीजा और ऑफर लेटर थमाकर हड़पे सवा छह लाख

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाली चंडीगढ़ की एक संस्था के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर ट्रांजिट कैंप थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। ठगों ने पीड़ित को झांसे में लेने के लिए फर्जी दस्तावेज और कूटरचित फ्लाइट टिकट तक थमा दिए थे।मामले के अनुसार फुलसुंगा निवासी यामीन सैफी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर श्मैसर्स वर्ल्ड ट्रैवल एडवाइजरश नामक संस्था का विज्ञापन देखा था। इस विज्ञापन में विदेश में आकर्षक नौकरी और वीजा दिलाने का दावा किया गया था। संपर्क करने पर आरोपियों ने खुद को चंडीगढ़ स्थित एक वैध कंसल्टेंसी बताया और विश्वास जीतने के लिए अपना उद्योग पंजीकरण प्रमाण पत्र भी भेजा। आरोपियों की बातों में आकर यामीन सैफी ने 13 दिसंबर 2025 को नौ व्यक्तियों के रोजगार वीजा के लिए समझौता किया। इसके बदले उन्होंने कुल 6,20,000 रुपये का भुगतान किया, जिसमें से 4,70,000 रुपये बैंक के माध्यम से और 1,50,000 रुपये नकद दिए गए।भुगतान के कुछ समय बाद आरोपियों ने संबंधित व्यक्तियों के ऑफर लेटर, वीजा और फ्लाइट टिकट (शेष पृष्ठ सात पर)

## दून में सरेआम गुण्डागर्दी,फायरिंग में रिटायर्ड बिग्रेडियर की मौत

### ओवरटेकिंग के विवाद में कार सवारों ने सरेआम चलाई गोलियां

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी देहरादून के थाना राजपुर क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है। लग्जरी कारों में सवार रसूखदारों के बीच ओवरटेकिंग को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया, जिसकी कीमत मॉर्निंग वॉक पर निकले एक निर्दोष पूर्व सैन्य अधिकारी को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। स्कॉर्पियो सवार हमलावरों द्वारा दूसरी कार को रोकने के लिए चलाई गई गोली सीधे रिटायर्ड ब्रिगेडियर वीके जोशी को जा लगी, जिससे उनकी मौत हो गई। इस दुस्साहसिक घटना ने राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था और मित्र पुलिस के दावों की कलई खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार घटना सोमवार सुबह करीब 6:50 बजे की है जब मसूरी रोड पर जोहड़ी गांव के पास दिल्ली नंबर की एक फॉर्च्यूनर और एक स्कॉर्पियो कार के बीच रास्ता देने को लेकर विवाद शुरू हुआ।





प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि दोनों कारों के बीच काफी दूर से ओवरटेकिंग का खेल चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि स्कॉर्पियो सवार युवकों ने अपना आपा खो दिया और फॉर्च्यूनर का पीछा करते हुए उस पर फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों का इरादा फॉर्च्यूनर के टायर पंक्चर कर उसे रोकने का था, लेकिन इसी दौरान सड़क किनारे मॉर्निंग वॉक कर रहे 70 वर्षीय रिटायर्ड (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारी को हनीट्रैप में फंसाकर लाखों की रंगदारी वसूली

### महिला सहित दो गिरफ्तार, हजारों की नगदी बरामद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र में एक व्यापारी को हनीट्रैप में फंसाकर बंधक बनाने और लाखों रुपये की रंगदारी वसूलने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने व्यापारी को निर्वस्त्र कर उसकी वीडियो बनाई और भारी धनराशि की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद महिलाओं सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला सरगना पिंकी और



उसके एक सहयोगी दलाल व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यापारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि प्रिया नाम की एक युवती पिछले कुछ दिनों से उनसे चैटिंग कर रही थी। 27 मार्च 2026 को उक्त युवती ने उसे मिलने के लिए फुलसुंगा शमशान घाट के पास बुलाया। जब व्यापारी वहां पहुंचा, तो युवती उसे अपने घर के अंदर ले गई। आरोप है कि घर में घुसते ही ऊपर के कमरे से एक अन्य युवती और चार युवक नीचे आ गए। इन लोगों ने व्यापारी को बंधक बनाकर उसके हाथ-पैर बांध दिए और मारपीट कर जबरन कपड़ उतरवाकर उसकी वीडियो बना ली। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उसे दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपये की मांग की। डरे हुए व्यापारी ने अपने मित्र राजू के (शेष पृष्ठ सात पर)

## पैरोल पर रिहा होकर फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान के तहत ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने कोविड महामारी के



दौरान पैरोल पर रिहा किए गए उन दो बंदियों को गिरफ्तार कर लिया है, जो पैरोल अवधि समाप्त होने के बाद भी वापस जेल नहीं लौटे थे। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों के अनुपालन में, कोविड काल के दौरान जेलों से पैरोल पर छोड़ गए सिद्धदोष और विचाराधीन बंदियों की पुन: गिरफ्तारी के आदेश दिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## दल बदलने वाले 'कांग्रेस का अपना ही माल'

### ठुकराल सहित छह नेताओं के कांग्रेस प्रवेश पर मुख्यमंत्री धामी का तीखा पलटवार, वीडियो वायरल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजनीति में दलबदल का खेल नया मोड़ ले चुका है, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित कुमाऊं और गढ़वाल के छह वरिष्ठ नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के बाद इस सियासी हलचल ने जहां कांग्रेस खेमे में भारी उत्साह भर दिया है, वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने तीखे और बेबाक पलटवार से राजनीतिक चर्चाओं का रुख पूरी तरह मोड़ दिया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा मुख्यमंत्री का वीडियो न केवल



दलबदल की राजनीति पर भाजपा के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि मुख्यमंत्री धामी की छवि एक सख्त प्रशासक और पार्टी अनुशासन के प्रति समर्पित नेता के रूप में उभर कर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कांग्रेस के दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि जिन छह नेताओं ने कांग्रेस ज्वाइन की है, वे वर्तमान में भाजपा के सदस्य थे ही नहीं। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकांश नेता पार्टी से बहुत पहले ही निष्कासित किए जा चुके थे, कुछ को भ्रष्टाचार के मामलों के कारण बाहर किया गया था और कुछ को पार्टी अनुशासन तोड़ने के लिए बाहर का रास्ता दिखाया गया था। कोई पांच साल पहले, कोई (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्यमंत्री धामी आज शाम जनपद में

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज शाम जनपद ऊधम सिंह नगर के भ्रमण पर रहेंगे। अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री जसपुर, काशीपुर और रुद्रपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला और भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज शाम चार बजे देहरादून से सीधे जसपुर पहुंचेंगे। वे यहां महुआडाबरा स्थित भाजपा के काशीपुर जिलाध्यक्ष मनोज पाल के निवास स्थान पर जाएंगे। मुख्यमंत्री वहां पहुंचकर मनोज पाल की माताजी श्रीमती लीलावती के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करेंगे और परिवारजनों को ढांढस बंधाएंगे। जसपुर में कुछ समय रुकने के पश्चात मुख्यमंत्री का काफिला (शेष पृष्ठ सात पर)

# चिंतोली में पत्थरों से लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, दो युवकों की मौत, दो घायल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को स्याल्दे ब्लॉक के चिंतोली में के पास पत्थरों से लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। हादसे में चार युवक पत्थरों के नीचे बुरी तरह दब गए। चारों को निकालकर देघाट सीएचसी भेजा गया, लेकिन दो युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि दो घायलों को रामनगर रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक ट्रैक्टर ट्रॉली पत्थर भरकर चिंतोली गांव की ओर जा रही थी। ट्रैक्टर में चालक समेत चार युवक सवार थे। इसी दौरान ट्रैक्टर की ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्राली पलटने से चारों युवक पत्थरों से दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पत्थरों के नीचे दबे युवकों को निकाल







सीएचसी देघाट पहुंचाया गया। इसी दौरान दर्शन सिंह पुत्र छोदाण सिंह और चन्दन सिंह पुत्र प्रेम सिंह, दोनों निवासी ग्राम चिन्तोली ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि गोपाल सिंह पुत्र गब्बर सिंह और नरेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह, निवासी ग्राम चिन्तोली को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रामनगर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष देघाट अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है।

# नगर निगम के नोटिस के खिलाफ ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों द्वारा अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल व महामंत्री खीमा नंद शर्मा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। रोषित व्यापारियों का आरोप है कि नगर निगम द्वारा नगर निगम टैक्स हेतु व्यापारियों को नोटिस दिये जा रहे है। जबकि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा कहा गया था कि नये जुड़े वार्डो में 10 वर्ष तक कोई टैक्स नहीं लिया जायेगा। इसके बाद भी 7 वर्ष में ही व्यापारियों



को नोटिस देकर दबाव बनाया जा रहा है। व्यापारियों ने कहा यदि जल्द सरकार एवं नगर निगम द्वारा अपने वादे को पूरा नहीं किया गया और व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया गया तो व्यापारी अब आर पार का आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में कश्मीरी लाल साहनी, इंद्र कुमार भूटियानी, जिलाध्यक्ष प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, नगर महामंत्री मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, हाजी मंसूर खान, पंकज बोरा, राजेश पूरी, भास्कर त्रिपाठी, हरीश कपिल, शकर भूटियानी, उपेंद्र ओली, हरीश मठपाल, जसपाल मालदार, लक्ष्मण सिंह नेगी, विशाल जुनेजा, मुकेश खन्ना, दीपक कपिल, विक्की भाटिया, दर्शन सिंह खेतवाल, एन के पंत, आदि व्यापारी एवं व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुष्प वर्षा के साथ हुआ स्वयंसेवकों का स्वागत

गदरपुर (उद संवाददाता)। हिंदू नववर्ष 2083 के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा गदरपुर में भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा नगर भक्तिमय और उत्साहपूर्ण वातावरण में सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन में सहभागिता कर इसे सफल बनाया।पथ संचलन का शुभारंभ बुध बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर से हुआ। यहां से स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए गूलरभोज रोड और मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए पुन: बुध बाजार पहुंचे, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे मार्ग में स्वयंसेवकों के बीच अद्भुत अनुशासन, एकरूपता और देशभक्ति का दृश्य देखने को मिला। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह क्षेत्रवासियों और स्थानीय महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का भव्य स्वागत किया गया, जिसने आयोजन की गरिमा और उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विधायक अरविंद पांडे, प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर, भाजपा महिला मोर्चा की कुमाऊं संयोजिका अंजू भुडडी सहित पंकज सेठिया, सुरेश सुराना, राकेश भुडडी, अजय बठला एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों और वक्ताओं ने हिंदू नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में एकता, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के भाव को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। गदरपुर का यह पथ संचलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ।





# विवेक नगर में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विवेक नगर वार्ड संख्या नौ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या नौ में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी प्रभाष स्वर्णकार उपस्थित रहे। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी धात्री माताओं और नवजात कन्याओं की माताओं को किट वितरित की गई। महालक्ष्मी किट वितरित करते हुए उत्तम दत्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार मातृ-शिशु कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या जन्म को प्रोत्साहित करना और माता व शिशु के स्वास्थ्य व पोषण का विशेष ध्यान रखना है। यह किट केवल एक सहायता मात्र नहीं है, बल्कि सरकार की ओर से बेटियों के सुरक्षित भविष्य और उनके बेहतर लालन-पालन का एक संकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़ी पात्र महिलाओं तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लाभार्थी महिलाओं में भगवती मण्डल, मीरा, सोनी, अंजना देवी, लक्ष्मी, रेखा, ममता और काजल राठौर को महालक्ष्मी किट प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभाष स्वर्णकार ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रोनोति विश्वास द्वारा किया गया। इस दौरान सहायिका चम्पा सरकार सहित स्थानीय महिलाएं और केंद्र का स्टाफ उपस्थित रहा।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# प्रसाद सेवा के साथ मनाया नन्ही दिव्या का जन्मदिन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन चौक पर निरंतर संचालित होने वाला प्रसाद सेवा कार्यक्रम सोमवार को एक विशेष भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण का साक्षी बना। सेवा कार्य का शुभारंभ गुप्ता मेडिकल स्टोर के स्वामी एवं मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता एवं तुषार मित्तल द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और सेवा भाव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।प्रसाद वितरण के दौरान एक मार्मिक घटना ने वहां उपस्थित सभी लोगों का हृदय स्पर्श कर लिया। सेवा स्थल पर पहुंची एक नन्ही बालिका दिव्या वर्मा ने अत्यंत मासूमियत से बताया कि आज उसका जन्मदिन है और उसकी माता मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करती हैं। यह सुनते ही वहां मौजूद सेवादारों की आंखें नम हो गईं और माहौल



पूरी तरह भावुक हो उठा।इस संवेदनशील क्षण में भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने आगे बढ़कर दिव्या को स्नेह व आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात उनकी पूरी टीम ने मिलकर दिव्या का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया। वहां मौजूद लोगों ने गीत गाकर और शुभकामनाएं देकर नन्ही बच्ची के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय पल बन गया। प्रमोद मित्तल ने बालिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसकी शिक्षा के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। यह आयोजन केवल प्रसाद वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।इस अवसर पर सेवा कार्य में कुशल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रमोद यादव, नितिन अग्रवाल, निखिल चंडोक, मनीष मित्तल एडवोकेट, मोहित अग्रवाल, अतुल कश्यप, रवि अग्रवाल, करन चंडोक, श्रीओम अग्रवाल, रोहित कश्यप, मनीष सैनी, सोनू कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शालू किन्नर ने भेंट किया डेड बॉडी फ्रीजर

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहते हुए गदरपुर क्षेत्र की शालू किन्नर द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मजरा झुन्नी, तहसील गदरपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड को एक डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स भेंट किया है ग्राम झुन्नी मजरा के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी शालू किन्नर द्वारा गुरुद्वारा कमेटी को फ्रीजर बॉक्स सौंपा। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना उनका उद्देश्य है उन्होंने भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहने की बात कही। उनके द्वारा पूर्व में पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए भी 100000 की धनराशि भेंट की जा चुकी है। सकैनिया व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर देसराज



कंबोज ने इस पहल को सराहनीय बताया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शालू किन्नर को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया। वहां गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष देसराज कंबोज,डॉ.कश्मीर कंबोज,अमन कंबोज,मुकेश कंबोज, भीमसेन,रमेश लाल,अमन कंबोज,किशन लाल,रमेश कुमार, हंसराज,जागीर चंद, भजनलाल, मंगतराम, बाग राम,धर्मेंद्र कंबोज,लविश कंबोज,गगन कंबोज, करिश्मा रानी एवं वैशाली आदि थे।

# ठुकराल के कांग्रेस पार्टी में आने का स्वागत : सिमरनजीत

किच्छा (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। जहां पार्टी का एक धड़ा इस निर्णय को लेकर सवाल खड़े कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं का एक बड़ा वर्ग इस कदम का पुरजोर स्वागत भी कर रहा है। इसी क्रम में नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सिमरनजीत कौर ने ठुकराल के पार्टी में आने का स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए मजबूती प्रदान करने वाला कदम बताया है। सिमरनजीत कौर ने कहा कि राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में आने से रुद्रपुर सहित पूरे तराई क्षेत्र में पार्टी एक सशक्त शक्ति के रूप में उभरेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि ठुकराल का रुद्रपुर ही नहीं बल्कि संपूर्ण तराई की राजनीति में एक बड़ा कद है, जिसका सीधा लाभ रुद्रपुर के



साथ-साथ किच्छा के कार्यकर्ताओं को भी मिलेगा। उनके आने से कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और वे अधिक उत्साह के साथ क्षेत्र में कार्य कर सकेंगे। नगर अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली विचारधारा है और संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में अवश्य देखने को मिलेंगे। इस दौरान सिमरनजीत कौर ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र के विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा कराए जा रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारा किच्छा क्षेत्र आज विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। विधायक द्वारा क्षेत्र को करोड़ों रुपये की सड़कों की जो सौगात दी गई है, वह मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में किच्छा की जनता विकास कार्यों के बदले अपना आभार वोट के रूप में प्रकट करेगी और बेहड़ के नेतृत्व में क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# 6 अप्रैल को डीएफओ कार्यालय कूच का ऐलान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी की बैठक में विकास कार्यों पर वन विभाग द्वारा लगाई गई रोक के विरुद्ध निर्णायक आंदोलन का बिगुल फूंक दिया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 6 अप्रैल को तराई पूर्वी वन प्रभाग (डीएफओ) कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की हठधर्मिता के कारण गांव में जल जीवन मिशन, सड़कों की मरम्मत और नहरों के सुधारीकरण जैसे आवश्यक कार्य लंबे समय से ठप पड़े हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा की अध्यक्ष डॉ. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि बागजाला के निवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। वन विभाग द्वारा विकास योजनाओं में लगातार बाधाएं डाली जा रही हैं, जिससे ग्रामीण पीने के पानी, बेहतर सड़क और सिंचाई जैसी मूलभूत



जरूरतों से वंचित हैं। भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय ने तीखे सवाल उठाते हुए कहा कि विकास योजनाओं को रोकना जनविरोधी कदम है। उन्होंने मांग की कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाएं तुरंत शुरू की जाएं और स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट लगाने का वादा पूरा किया जाए। वक्ताओं ने याद दिलाया कि 24 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी नैनीताल के प्रतिनिधि और उप जिलाधिकारी हल्द्वानी की मध्यस्थता में एक समझौता हुआ था, जिसमें वन विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। इसके बावजूद आज तक अनुमति के नाम पर फाइलों को रोका जा रहा है, जो जिला प्रशासन के समझौते का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि 6 अप्रैल के प्रदर्शन के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे पुन: अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे। आगामी प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए गांव में व्यापक जनसंपर्क अभियान और पर्चा वितरण शुरू कर दिया गया है। बैठक में डॉ. उर्मिला रैस्वाल, डॉ. कैलाश पाण्डेय, हेमा आर्य, मीना भट्ट, पंकज चौहान, प्रेम सिंह नयाल, ललित मोहन, सुनीता, चंदन सिंह मटियाली, नीलम आर्य, हरि गिरी, भगवती गोस्वामी, महेश राम और दिनेश चंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर के जियो और जीने दो के मार्ग को अपनाएं: प्रमोद मित्तल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भगवान महावीर स्वामी जी के 2625वें जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर जैन मंदिर, में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य लोग, श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के सिद्धांतोंसत्य, अहिंसा, अपरिग्रह एवं करुणा को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान जैन समाज द्वारा भाजपा नेता एवं एडवोकेट प्रमोद मित्तल को सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी जी का जीवन हम सभी के लिए एक



प्रकाश स्तंभ के समान है, जो हमें सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि "जियो और जीने दो" का संदेश आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है, जिसे अपनाकर हम एक शांतिपूर्ण एवं समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण पूर्णत: भक्तिमय हो गया। अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया तथा समाज की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई।

# दुर्गा मंदिर के सौंदर्यीकरण का किया लोकार्पण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने वार्ड संख्या 16 स्थित देव होम्स फेज 7 में विधायक निधि से स्वीकृत दुर्गा मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण कर इसे कॉलोनीवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।लोकार्पण के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वार्ड संख्या 16 नगर निगम रुद्रपुर के सबसे बड़े वार्डों में से एक है जहां एक विशाल आबादी निवास करती है। उन्होंने बताया कि इस वार्ड में करोड़ों की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाए गए हैं। इनमें विशेष रूप से बिगवाड़ा दक्ष रोड का उल्लेख किया गया जो इस पूरे वार्ड की लाइफ लाइन मानी जाती है। इस मार्ग पर अनेक कॉलोनियां स्थित हैं और पूर्व में सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार होकर चोटिल होते रहते थे। विधायक द्वारा राज्य योजना से इस सड़क का निर्माण करवाया गया जिससे अब स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी राहत मिली है।विधायक ने आगे कहा



कि इसके अतिरिक्त भी कई कॉलोनियों में मार्ग निर्माण व सौंदर्यकरण के कार्य संपन्न कराए गए हैं। देव होम्स दुर्गा माता मंदिर में सौंदर्यकरण को लेकर स्थानीय जनता द्वारा लंबे समय से मांग की जा रही थी जिसे प्राथमिकता देते हुए विधायक निधि से पूर्ण कराया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और जनता की मांग के अनुरूप निरंतर कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है।इस महत्वपूर्ण अवसर पर अजीत सिंह, केपी राठी, सुधीर चौधरी, एसपी यादव, हरीश मिश्रा, कुबेर चंद्र, जगदीश टम्टा, अमित मिश्रा, विपिन गुप्ता, बालकिशन यादव, प्रिंस यादव, जयंत चौधरी, कृष यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी रफी उर्फ कलुवा गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही कार्रवाई के तहत गदरपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।प्रकरण के अनुसार 26 मार्च 2026 को एक वादी ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म के संबंध में तहरीर दी थी। आरोप था कि वार्ड नंबर 10 निवासी रफी उर्फ कलुवा ने नाबालिग को अपने घर बुलाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस शिकायत के आधार पर कोतवाली गदरपुर में आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 65(1) तथा 5 (B)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा अपराध संख्या 96/2026 पंजीकृत किया गया था। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक पूनम



रावत द्वारा की जा रही है।जनपद में वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए कड़े निर्देशों के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक बाजपुर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमें लगातार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। इसी क्रम में पुलिस टीम ने 28 मार्च 2026 को वांछित अभियुक्त रफी पुत्र फिदा हुसैन निवासी वार्ड नंबर 10 को रतनपुरी रामसिंह गुम्बर स्मृति द्वार के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है जिसके विरुद्ध कोतवाली गदरपुर में गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है।सफलता प्राप्त करने वाली इस पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक, अपर उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह मेहरा, कांस्टेबल दिनेश सिंह रावत और होमगार्ड दीपक शर्मा शामिल रहे। पुलिस अब आरोपी के विरुद्ध कानूनी औपचारिकताओं को पूर्ण करने में जुटी है।

# डांस इंडिया डांस की विजेता हिमानी को किया सम्मानित

किच्छा (उद संवाददाता)। मोहाली (चंडीगढ़) के रायत बाहरा में आयोजित प्रतिष्ठित डांस इंडिया डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभावान छात्रा हिमानी को



पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सम्मानित किया। ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी जोगिंदर बिंद एवं रामवती की सुपुत्री और महर्षि विद्या मंदिर की कक्षा 10वीं की छात्रा हिमानी की इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ हिमानी के आवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी इस उपलब्धि को समस्त क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि हिमानी ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत और असाधारण प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय स्तर के मंच पर सफलता के झंडे गाड़े हैं, जो अन्य युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की युवा प्रतिभाएं आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और सरकार भी ऐसी विलक्षण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हिमानी की यह जीत आने वाली पीढ़ी को अपने सपनों को साकार करने का साहस देगी। सम्मान कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने भी हिमानी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोज यादव, गौरव पोपली, राकेश यादव, नवाब अली, नरेश गंगवार, नितिन पत्रों, मोहन राठौर, बाबू भाई, छोटे शाह, रामलाल, योगेंद्र प्रसाद, कृष्णा, जगदीश, सुल्तान मियां, अमित अरोड़ा, सचिन, मोहन, राजेंद्र, किरण, साक्षी, शशि, सोनिया, आशा, हरनाम सिंह, गिरधारी लाल, अनिल, कमल कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# द ऑक्सफोर्ड अकादमी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित कॉलेज द ऑक्सफोर्ड अकादमी में आज कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती मितिका बत्रा, श्रीमती प्रीति पपनेजा एवं प्रधानाचार्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाया। इसके उपरांत प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पदक




प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सर्वाधिक उपस्थिति, बहुमुखी प्रतिभा तथा खेल कूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन आदि श्रेणियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पदक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति की डायरेक्टर श्रीमती मितिका बत्रा ने नए सत्र से कक्षा 11 एवं 12 हेतु कला वर्ग का संचालन करने की संस्तुति प्रदान की इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों रोहताश बत्रा, वैभव बत्रा, श्रीमती मितिका बत्रा, अमित जिंदल, सुरेंद्र मिड्डा, एवं प्रधानाचार्य के. एन. नेगी, उप प्रधानाचार्य सी. एम.जोशी ने विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किच्छा को करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात: बेहड़

किच्छा (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र किच्छा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में इन उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि उनके निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र में सड़क, भवन और जनसुविधाओं से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाएं धरातल पर उतरने जा रही हैं। विधायक बेहड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत किच्छा में आधुनिक कम्युनिटी हॉल के निर्माण को मंजूरी मिल गई है, जिससे स्थानीय निवासियों को सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय परिसर की अवशेष सड़कों के सुधारीकरण कार्य को भी हरी झंडी मिल गई है। क्षेत्र की



महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि अटरिया-सिडकुल नगला मार्ग का निर्माण लगभग 22.72 करोड़ रुपये तथा शिमला-कुरैया मार्ग का निर्माण लगभग 19.40 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। अन्य स्वीकृत कार्यों में ग्राम गंगापुर, धौराडाम, आजादनगर- नौगवां-मलपुरा और भगवानपुर में मोटर मार्गों का डामरीकरण व पुनर्निर्माण शामिल है। सिरौली कला वार्ड नंबर 19 में भी लगभग 875 मीटर आंतरिक मार्गों का निर्माण कराया जाएगा। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के माध्यम से लालपुर कुर्रेय्या और कच्ची खमरिया में तीन कब्रिस्तानों के निर्माण व सौंदर्यीकरण हेतु भी स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक ने कहा कि किच्छा का चहुंमुखी विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। प्रेस वार्ता से पूर्व बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक तिलक राज बेहड़ का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में बड़ा सुधार आएगा और आमजन को आवागमन सहित अन्य सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा।

# ठुकराल की मुस्लिम समाज के प्रति बयानबाजी उचित नहीं: जाहिद रजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड उलेमा कौंसिल के अध्यक्ष एवं उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड व हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने जारी अपने एक बयान में कहा कि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने दस वर्षीय विधायक कार्यकाल में मुस्लिम समाज के विरुद्ध जो कार्य एवं बयानबाजी की है और जिस शब्दावली का प्रयोग किया वो किसी भी समाज के लिये उचित और मान्य नही है। उन्होंने कहा कि उन्हें और मुस्लिम समाज पूरी कांग्रेस पार्टी और विशेषतौर पर ऊधम सिंह नगर के पांचों विधायक जो कि मुस्लिम वोटों से जीते हैं उनसे भी शिकायत है कि किसी भी मोड पर वो मुस्लिम समाज की समस्याओं के हल के लिए



खड़े नहीं होते। इसका ताजा उदाहरण रूद्रपुर ईदगाह की घटना है। मौलाना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पूरे तौर पर ये गलतफहमी हो गई है कि यहां मुस्लिम समाज के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। जबकि ये सरासर गलत है। हमारा विकल्प थर्ड फन्ट भी हो सकता है और नोटा भी हो सकता है। मौलाना रिजवी ने रामकुमार ठुकराल से सवाल किया है कि क्या वो अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए माफी मांगेंगे।

उत्तराखण्ड शासन देवभूमि उत्तराखण्ड

# देवभूमि उत्तराखण्ड



# विरासत भी, विकास भी

❝ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

❝ 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

संवरता, समृद्ध, सक्षम
**उत्तराखण्ड**
*नए भारत की पहचान*

## स्थानीय उत्पाद

### (पहाड़ का स्वाद, पहचान और आत्मनिर्भरता)

- हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से अब तक राज्य की 3,300 ग्रामीण महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं 28,000 से अधिक महिलाओं को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया
- उत्तराखण्ड के 25 से अधिक उत्पादों को मिला जीआई टैग
- च्यूरा ऑयल, मुन्स्यारी राजमा, भोटिया दन, ऐंपण, रिंगाल क्राफ्ट, उत्तराखण्ड ताम्र उत्पाद एवं थुलमा को जी आई सर्टिफिकेशन
- ट्राउट प्रोत्साहन योजना को राज्य सरकार ने दी मंजूरी
- उत्तराखण्ड स्टेट मिलेट्स पॉलिसी के तहत राज्य सरकार ने 2030-31 तक 11 पर्वतीय जिलों के लिए कुल ₹134.89 करोड़ की कार्य योजना पर मुहर लगाई
- मण्डुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी एवं चीना उत्पादक किसानों को बीज एवं जैव उर्वरक पर 80 प्रतिशत अनुदान दिए जाने का फैसला
- उत्तराखण्ड कीवी नीति के तहत वर्ष 2030-31 तक राज्य सरकार कीवी उद्यान स्थापना के लिए कुल लागत 12 लाख प्रति एकड़ का 70 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करेगी
- राज्य में माल्टा मिशन शुरू करने का लिया निर्णय
- राज्य में उत्तराखण्ड महक क्रांति 2026-36 का हुआ शुभारंभ



## बेहतर कनेक्टिविटी

### (हर दिशा से जुड़ रहा उत्तराखण्ड)

- रिस्पना एवं बिन्दाल ऐलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना के निर्माण को मंजूरी
- देहरादून एयरपोर्ट में अतिरिक्त टर्मिनल का निर्माण किया गया। देहरादून से बेंगलुरु, हैदराबाद, भोपाल, मुम्बई,चेन्नई, लखनऊ, आदि शहरों में नियमित हवाई सेवाएं हुई शुरू
- पन्तनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का कार्य गतिमान
- रीजनल कनेक्टिविटी योजना के अंतर्गत 13 स्थानों पर हेलीपोर्ट का निर्माण जारी
- राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत पर्वतीय जिलों में हो रहा हेली सेवाओं का संचालन। अब तक हल्द्वानी, नैनीताल, बागेश्वर, मसूरी, चंपावत, गौचर, श्रीनगर, चिन्यालीसौड़, मुन्स्यारी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को हेली सेवा से जोड़ा गया
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान
- लालकुआं से अमृतसर जंक्शन एवं देहरादून से टनकपुर के लिए ट्रेन संचालन को मिली मंजूरी
- गौरीकुण्ड से केदारनाथ एवं गोविन्दघाट से हेमकुण्ड साहिब तक रोपवे निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास
- दिल्ली-देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड का ₹13 हजार करोड़ की लागत से निर्माण कार्य जारी। इसके बनने से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूरा
- ऑल वेदर रोड के माध्यम से जुड़े चारधाम, सीमांत क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने का कार्य है निरंतर जारी



## उद्योग एवं निवेश

### (निवेश का नया केंद्र — उत्तराखण्ड)

- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू.
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग
- खुरपिया फार्म किच्छा में केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने को मंजूरी
- निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखण्ड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान किया प्राप्त
- उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की स्थापना
- मेगा इंडस्ट्रियल एवं इन्वेस्टमेंट नीति-2025 को मंजूरी
- ईज आफ डूईंग बिजनेस- 2021 की राज्यों की रैंकिंग में एचीवर्स की श्रेणी
- उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक में एचीवर्स श्रेणी के राज्यों में शामिल



## पर्यटन

### (हर मौसम, हर अनुभव — उत्तराखण्ड)

- वर्ष 2025 में 51 लाख से अधिक यात्रियों ने किए चारधाम के दर्शन
- राज्य में पहली बार शीतकालीन यात्रा का हुआ शुभारंभ
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत 48 मंदिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान
- केदारनाथ पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान
- बदरीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान
- चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन हेतु उत्तराखण्ड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् के गठन का निर्णय
- उत्तराखण्ड के जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया गया




**प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह**

**स्थानीय लोगों से:** बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से:** प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


गुरू मां
Bachha
hai tu
mera..!!
Ye Le
Best Cooling
Wala AC,
Guru Maa
Electronics
Se Laaya Hun
Tere Liye!
गुरू मां
ELECTRONICS
Guru Maa electronics
99171 61111

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सोशल मीडिया की लत

इसमें दो राय नहीं कि सोशल मीडिया के आने से सूचना का प्रवाह तेज हुआ है, सार्वजनिक अभिव्यक्ति के नए अवसर खुले हैं और रचनात्मकता के प्रदर्शन को भी नया मंच मिला है। मगर सतर्कता और सावधानी न बरती जाए, तो कई बार तकनीक की सुविधा भी असुविधा बन जाती है।सोशल मीडिया को लेकर भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। खासकर बच्चों और किशोरों पर इसका नकारात्मक प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहा है। अभी तक माना जा रहा था कि बच्चों का सोशल मीडिया पर बेरोक-टोक ज्यादा समय बिताने से वे इसके आदी हो रहे हैं, जिसका न केवल उनकी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी पैदा हो रही हैं।मगर अमेरिका की एक अदालत की ओर से हाल में दिए गए फैसले में कहा गया कि बच्चों में सोशल मीडिया के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए संबंधित कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। इन मंचों के डिजाइन में ऐसी खामियां हैं, जिसकी वजह से बच्चों को इनकी लत लग जाती है।गौरतलब है कि आज के दौर में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और सस्ते इंटरनेट की सुविधा ने आभासी दुनिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा असर बच्चों एवं किशोरों पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से उनमें चिंता, अवसाद, नींद की कमी और एकाग्रता में कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं।इसी के मद्देनजर अमेरिका में मेटा और गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से दलील दी गई कि सोशल मीडिया मंचों को तकनीकी तौर पर इस तरह से तैयार किया गया है कि वे बच्चों को इसके बार-बार इस्तेमाल के लिए ललचाते हैं। अदालत ने अपने फैसले में इस तथ्य को सही पाया और दोनों कंपनियों पर भारी जुर्माना भी लगाया। तकनीकी तौर पर भले ही यह पक्ष सही है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इस मामले में अभिभावकों की अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदारी कम हो जाती है। बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर नजर रखना और समय सीमा तय करना जरूरी है, ताकि उन्हें इसके दुष्प्रभावों से दूर रखा जा सके।

## सीएम से की रामनगर रोड से आने की अपील

काशीपुर। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी संदीप सहगल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के काशीपुर आगमन से पहले सोशल मीडिया के माध्यम से एक अहम अपील की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे मां बाल सुंदरी देवी चौती मेले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामनगर रोड से होकर आएं, ताकि उन्हें आम जनता की वास्तविक समस्याओं का प्रत्यक्ष अनुभव हो सके।संदीप सहगल ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया पर फेसबुक पोस्ट की। गौरतलब है कि रामनगर रोड की हालत बेहद खराब है और यहां बड़े-बड़े गड्ढों के कारण रोजाना आने-जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इशारों-इशारों में यह संदेश देने की कोशिश की कि यदि मुख्यमंत्री स्वयं इस मार्ग से गुजरेंगे, तो सड़क की जमीनी स्थिति और जनता की तकलीफ साफ तौर पर सामने आ जाएगी। खासकर दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और रोजमर्रा के यात्रियों के लिए यह मार्ग मुसीबत का सबब बना हुआ है।

# प्राकृतिक खेती पर मंथन, विशेषज्ञों ने दिया वन हेल्थ का मंत्र

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय तथा राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में एक-दिवसीय क्षेत्रीय वृहत प्राकृतिक खेती परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों को कम करने और पारंपरिक ज्ञान के वैज्ञानिक समन्वय पर जोर दिया। कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि डा. गगनेश शर्मा और डा. लक्ष्मीकान्त ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों ने कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा लगाए गए प्राकृतिक खेती के स्टालों और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि आज की मुख्य चुनौती किसानों की आय बढ़ाने, लागत घटाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की है। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती के कारण पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए अब संतुलित और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना अनिवार्य हो गया है। विश्व विद्यालय इस दिशा में प्रशिक्षण और



मार्गदर्शन के माध्यम से किसानों के साथ खड़ा है। उन्होंने इसे एक साझा अभियान बताते हुए कहा कि इसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक एक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है।विशिष्ट अतिथि और राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केंद्र के निदेशक डा. गगनेश शर्मा ने कहा कि हरित क्रांति के बाद उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मृदा की उर्वरता और सूक्ष्म जीवों में कमी आई है। उन्होंने नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग का उल्लेख करते हुए किसानों को गोबर-गोमूत्र जैसे संसाधनों का उपयोग कर धीरे-धीरे प्राकृतिक पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया। विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकान्त ने वन हेल्थ की अवधारणा पर चर्चा करते हुए कहा कि मानव, पशु, पर्यावरण और मिट्टी का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है। उन्होंने वैज्ञानिक शोध और किसानों की भागीदारी को प्राकृतिक खेती की सफलता के मुख्य स्तंभ बताया। प्रगतिशील किसान डालचंद ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती से उनकी उत्पादन लागत में कमी और फसल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक खेती जागरूकता कैलेंडर और एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और अंत में डा. निर्मला भट्ट ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में डा. वाचस्पति पाण्डेय, डा. सुभाष चन्द्रा, डा. एस. के. वर्मा और डा. सुनीता टी पाण्डे सहित कई वैज्ञानिक एवं किसान उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित

किच्छा। राजकीय महाविद्यालय किच्छा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में आयोजित विशेष शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवियों द्वारा उत्साह, अनुशासन एवं समर्पण के साथ विभिन्न बौद्धिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व-विकास संबंधी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की जा रही है। शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने प्रतिदिन योग एवं जुम्बा के माध्यम से अपने दिन की ऊर्जावान शुरुआत की। इसके उपरांत स्वयंसेवियों द्वारा ग्राम खुरपिया एवं महाविद्यालय के निकटवर्ती क्षेत्रों में साक्षरता, स्वच्छता, लैंगिक जागरूकता, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता रैलियाँ निकाली । इन रैलियों के माध्यम से ग्रामीणों एवं आमजन को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक किया



गया।शिविर के अंतर्गत आयोजित बौद्धिक सत्रों में विभिन्न विशिष्ट वक्ताओं ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय किच्छा, डॉ. राजीव रतन, डॉ. प्रकाश भट्ट, डॉ. नरेश कुमार, , श्री रोहित चौहान, प्रोजेक्ट मैनेजर, नगर पालिका परिषद, सुश्री शाम्भवी तिवारी, संघ लोक सेवा आयोग में 46वीं रैंक प्राप्त चयनित अभ्यर्थी तथा श्री त्रिलोचन पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन, सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।शिविर के सफल संचालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजयानंद एवं डॉ. मनीषा पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही डॉ. उमराव सिंह, डॉ. हर्षिता तिवारी एवं श्री प्रकाश डुंगराकोटी का भी आयोजन में विशेष सहयोग रहा। कार्यालय कार्मिक लवली पाण्डेय, उपेन्द्र कुमार भी निरंतर सहयोग कर रहे हैं द्य इमरान, अमन, तारीफ, शाहनूर, सबा, मुस्कान, बुशरा, रूचि, नेहा, पिंकी, प्रीती, शाहरुख आदि स्वयं सेवी ने आज के कार्यक्रम सम्पन्न होने में अपना योगदान दिया।इसके अतिरिक्त, स्वयंसेवियों द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

# महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव की तैयारी

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में जुट गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित हुए इस विधेयक के प्रारूप में परिसीमन की शर्त को विलोपित कर सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही महिलाओं को आरक्षण देने की है। परिसीमन की शर्त के साथ इस प्रावधान को लागू करना 2029 से पहले संभव नहीं है। इस विधेयक में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा की सीटें आरक्षित करना जरूरी है। इस हेतु सरकार वर्तमान चालू सत्र में संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट से पास कराकर संसद में पेश कर सकती है। यह सत्र 2 अप्रैल तक ही है, अतएव गृहमंत्री अमित शाह जरूरी बहुमत के लिए विपक्षी दलों से सहमति बनाने में जुट गए हैं। केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी का अभिनंदन करते हुए सितंबर 2023 में 128 वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया था। लोकसभा में 27 साल से यह विधेयक लंबित था। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय कर दी गई है। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो गई हैं। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। फिलहाल यह आरक्षण की सुविधा 15 वर्ष के लिए तय की गई है। लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं।इसके कानून बनते ही ऐसे कई दोहरे चरित्र के चेहरे हाशिये पर चले जाएंगे, जो पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, गाहे-बगाहे बीते 27 साल से गतिरोध पैदा किए हुए थे। महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था। लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इन्द्रकुमार गुजराल और अटलबिहारी वाजपेयी सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाई थीं। हालांकि 9 मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे। जबकि उनके पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक की समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी। हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं।उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधान मंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए।' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है ? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है ? अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों के अलावा अनारक्षित सीटों पर भी महिलाओं की उम्मीदवारी को प्राथमिकता देने का प्रावधान जोड़ दिया जाए। इससे एक तो संसद में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो जाएगी, दूसरे जो लोग पिछड़े समुदाय की महिलाओं को विधेयक में जोड़ने की मांग उठा रहे थे, उनकी बोलती बंद हो जाएगी। दरअसल इस कानून के वजूद में आ जाने के बाद अस्तित्व का संकट उन काडरविहीन दलों को है, जो व्यक्ति और जाति आधारित दल हैं। इसी कारण लालू, मुलायम और शरद यादव इस बिल के विरोध में दृढ़ता से खडेघ होते रहे थे। उत्तर प्रदेश और बिहार में जातियता के बूते क्रियाशील इन यादवों की तिकड़ी का दावा रहता है कि इस अलोकतांत्रिक विधेयक के पास होने के बाद पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के लिए जम्हूरियत के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। जबकि उनकी वास्तविक चिंता यह नहीं है ? दरअसल 33 फीसदी आरक्षण के बाद बाहुबलि बने पिछड़े वर्ग के आलाकमानों का लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक आधार तो सिमटेगा ही, सदनों में संख्याबल की दृष्टि से भी इन दलों की ताकत घट जाएगी। अन्यथा ये सियासी दल वाकई उदार और पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के ईमानदारी से हिमायती हैं, तो सभी आरक्षित सीटों पर इन्हीं वर्गों से जुड़ी महिलाओं को उम्मीदवार बना सकते हैं ? बल्कि अनारक्षित सीटों का भी इन्हें प्रतिनिधित्व सौंप सकते हैं ? दरअसल इन कुटिल राजनीतिज्ञों के दिखाने और खाने दांत अलग-अलग हैं। गोया तय है कि अल्पसंख्यकों की बेहतर नुमाइंदगी की वकालात के इनके दावे थोथे हैं।इन दलों का दोहरा चरित्र इस बात से भी जाहिर होता रहा है कि जब देश की पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं का 33 फीसदी से 50 फीसदी आरक्षण बढ़ाने का विधेयक लाया गया था तब ये सभी दल एक राय थे। यही नहीं जब नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण का विधेयक लाया गया था, तब भी इन दलों की सहमति बनी रही। लेकिन जब लोकसभा व विधानसभा की बारी आती है तो यही दल गतिरोध पैदा करने लग जाते हैं। क्योंकि इस विधेयक के लागू होते ही इनके निजी राजनैतिक हित प्रभावित हो जाएंगे। इनका लोकसभा और विधानसभा में पुरूषवादी वर्चस्व का दायरा 33 फीसदी घट जाएगा। राजनेताओं के लिए यह विधेयक इसलिए भी वजूद का संकट है, क्योंकि जिन लोक व विधानसभा क्षेत्रों से ये लोग लगातार विजयश्री हासिल करते चले आ रहे हैं, वह क्षेत्र यदि महिला आरक्षण के दायरे में आ गया तो इन्हें चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा ? तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी ने भी मुस्लिम समुदाय को बरगलाए रखने के नजरिये से इस विधेयक का विरोध किया था। भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेता भी इस विधेयक का विरोध करते रहे थे। जिनके लिए सांसद अथवा विधायक के रूप में लोक सेवक बने रहना, सुरक्षा कवच का काम करता है। हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। अथवा स्त्रीजन्य विषमताएं व भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है। 2027 में 2011 की जनगणना के आंकड़े आने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा और विधानसभाओं की सीटें अप्रत्याशित रूप में बढ़ सकती हैं, तब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की शक्ति तो बढ़ेगी।



**-प्रमोद भार्गव, वरिष्ठ पत्रकार**

# बाबा तारकनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## चैत्र माह के तीसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, कांवड़ियों की टोलियों ने बिखेरी भक्ति की छटा





शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पावन चैत्र माह के तीसरे सोमवार को सुरेंद्र नगर स्थित पौराणिक बाबा तारकनाथ धाम आस्था, भक्ति और श्रद्धा के महासागर में डूबा नजर आया। सुबह की पहली किरण के साथ ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पौराणिक मान्यताओं के कारण इस धाम में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। प्रात: 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर के बाहर लगनी शुरू हो गई थीं। बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों में भोलेनाथ के प्रति अनोखी आस्था देखने को मिली। श्रद्धालु स्थानीय कैलाश नदी से पवित्र जल भरकर नंगे पांव बाबा के दरबार तक पहुंचे। हाथों में जल कलश, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और दूध लिए भक्तों ने विधि विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक किया। इस दौरान हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों की टोलियों ने माहौल को और भी अधिक शिवमय बना दिया। भगवा वस्त्रों में सजे कांवड़िए जब शिव भजनों की धुन पर झूमते हुए मंदिर पहुंचे, तो पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पूजा समिति द्वारा सुरक्षा, जल आपूर्ति और कतार प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों को सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चौत्र माह भगवान शिव की उपासना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है, यही कारण है कि पूरे माह यहां भक्तों का तांता लगा रहता है।इस अवसर पर देवाशीष पोद्दार, राजीव मीरवर, परेश मंडल, बंटी राय, अनंत हालदार, सूरज हालदार, तापस मंडल, समीर साना, मुकेश सरकार, हर्षित सरकार, आशीष हालदार, गोलक विश्वास, कानू सरकार, अमित मंडल, मृणाल, सुकुमार, सुशांत राय, विजय मोहित मंडल, सुमन हालदार, सुमित, राजा हालदार, निर्मल मिस्त्री, सचिंद्र हालदार, रंजीत हालदार, उत्तम शील, दीपक बड़ाल सहित सैकड़ों ग्रामीण और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पुलिस को चाकूबाजी की झूठी सूचना देना भारी पड़ा, 5000 का चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में आपातकालीन सेवाओं का दुरुपयोग करने वालों के विरुद्ध पुलिस का सख्त अभियान जारी है। इसी क्रम में कोतवाली हल्द्वानी पुलिस ने डायल 112 पर चाकूबाजी की झूठी सूचना देकर सरकारी मशीनरी को गुमराह करने वाले एक युवक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना वसूला है।प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मार्च 2026 की दोपहर करीब सवा तीन बजे आपातकालीन सेवा डायल 112 पर एक सूचना प्राप्त हुई कि वैलेजली लॉज, भोटियापड़ाव क्षेत्र में एक व्यक्ति पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली हल्द्वानी पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम को सूचनाकर्ता राहुल चौहान पुत्र बृज लाल निवासी वैलेजली लॉज अत्यधिक शराब के नशे में मिला।पुलिस द्वारा की गई गहन पूछताछ और जांच में यह स्पष्ट हुआ कि राहुल चौहान पर किसी भी प्रकार का कोई हमला नहीं हुआ था। उसने शराब के नशे में केवल पुलिस को गुमराह करने और परेशान करने के उद्देश्य से यह झूठी कॉल की थी। हालांकि सूचनाकर्ता ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी, लेकिन राजकीय कार्य में बाधा डालने और आपातकालीन सेवाओं के दुरुपयोग को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।पुलिस ने आरोपी राहुल चौहान के विरुद्ध पुलिस अधिनियम की धारा 83 के तहत कार्यवाही करते हुए मौके पर ही 5000 रुपये का चालान काटा। इस कार्रवाई के माध्यम से नैनीताल पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि डायल 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवा का मजाक बनाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने आम जनमानस से अपील की है कि आपातकालीन सेवाओं का उपयोग केवल वास्तविक संकट के समय ही करें, अन्यथा भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# गदरपुर में चर्च प्रार्थना सभा को लेकर धमकी, पुलिस से सुरक्षा की मांग

गदरपुर। होली टच फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कोतवाली गदरपुर में एक प्रार्थना पत्र देकर चर्च में होने वाली साप्ताहिक प्रार्थना सभा को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दी जा रही धमकियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि ट्रस्ट एक पंजीकृत संस्था है, जो गदरपुर क्षेत्र में अपनी निजी भूमि पर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से प्रार्थना सभा (चर्च) का आयोजन करती है। इस सभा में क्षेत्र के कई ईसाई परिवारों सहित अन्य लोग भी शांतिपूर्वक प्रार्थना के लिए पहुंचते हैं।ट्रस्ट के अनुसार, पिछले कुछ समय से कुछ असामाजिक तत्व चर्च में आकर शांति भंग करने, सभा को बंद कराने तथा रविवार को प्रार्थना के दौरान हमला करने की धमकियां दे रहे हैं। पत्र में 12 मार्च 2026 की घटना का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि चर्च के बाहर दो पक्षों के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ, जिसमें मारपीट भी हुई।आरोप है कि विवाद के बाद संबंधित व्यक्तियों द्वारा चर्च के पादरी और उनके परिवार को भी धमकाया गया तथा चर्च में आकर अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों में व्यवधान डालने और झूठे आरोप लगाने की बात भी कही गई है। ट्रस्ट ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा प्रार्थना सभा के दौरान लोगों को परेशान किया जाता है और धार्मिक आयोजनों को बाधित करने की कोशिश की जाती है। इस संबंध में ट्रस्ट के प्रतिनिधि पादरी सुरेन्द्र सागर ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक रविवार को होने वाली प्रार्थना सभा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोग बिना भय के शांतिपूर्वक अपनी धार्मिक गतिविधियां कर सकें। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पेज एक का शेष...

**लोक साहित्य के ....**अपनी जड़ों और गौरवशाली इतिहास से जोड़ना एक बड़ी चुनौती है। इसके समाधान हेतु प्रदेश सरकार युवा लेखकों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार डिजिटल प्लेटफॉर्म और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से एक ऐसा वातावरण तैयार कर रही है जहां युवा अपनी मौलिक सोच को अभिव्यक्ति दे सकें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि स्थानीय बोलियों और भाषाओं का संरक्षण केवल एक सरकारी कार्य नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक अस्मिता को बचाने का एक पवित्र संकल्प है। संबोधन के दौरान उन्होंने सम्मानित होने वाले साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप जैसे साधकों की वजह से ही उत्तराखंड की साहित्यिक यात्रा आज इस शिखर पर पहुंची है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहित्यकारों को प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।समारोह में साहित्य की विभिन्न विधाओं में योगदान देने वाले वरिष्ठ रचनाकारों के साथ-साथ उभरते हुए युवा साहित्यकारों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, कैबिनेट मंत्री खजान दास और विधायक सविता कपूर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**व्यापारी को हनीट्रैप में फंसाकर....**माध्यम से आरोपियों के बताए गए गूगल पे नंबर पर 14,000 रुपये ट्रांसफर करवाए। इसके बाद रात करीब दो बजे पिंकी नाम की एक महिला को वहां बुलाया गया, जिसने व्यापारी की जमानत ली और उसे अपने साथ ले गई। आरोप है कि पिंकी ने भी अगले दिन 1,20,000 रुपये देने का दबाव बनाया और ऐसा न करने पर जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि उसने डर के कारण अपने मित्र मनोज गोस्वामी के सामने पिंकी को 30,000 रुपये नकद भी दिए, लेकिन इसके बावजूद उसे लगातार फोन पर धमकियां मिल रही हैं। व्यापारी ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी कार में रखी सोने की चेन भी गायब है। इस पूरी साजिश में प्रिया, पिंकी, उनकी एक सहेली और चार अज्ञात युवक शामिल बताए जा रहे हैं। ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन और अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि गंगापुर मार्ग पर स्थित इंडियन कालोनी में एक महिला पिछले काफी समय से कुछ लोगों के साथ किरायेदार के रूप में निवास कर रही थी। उसके चाल चलन पर लोगों को संदेह बना हुआ था। बताया जाता है कि उक्त महिला अपनी सहयोगी युवतियों के माध्यम से शहर के रंगीन मिजाज धनवान युवकों की तलाश में रहती थी। फिर उसका मोबाईल नम्बर हासिल कर युवतियों के द्वारा उसके व्हाट्स एप पर फोन करने का सिलसिला शुरू कर देती थी। जब युवक उसके जाल में फंस जाता था तो युवती के द्वारा उस युवक को अपने घर में बुला लेती थी और दोनों को कमरे में भेजकर खुद अन्य सहयोगियों के साथ घर की छत पर छुप जाती थी। कुछ देर बाद महिला अचानक नीचे आकर कमरे का दरवाजा खोल देती थी और युवक युवती की नग्नावस्था की वीडियो लेती थी। जिसके बाद शुरू हो जाता था युवक को ब्लेकमेल करने का सिलसिला। ऐसे ही एक मामले में एक पीड़ित युवक ने पुलिस को अपने साथ हुई ब्लेकमेंलिंग की घटना की विस्तार से जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने औचक कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला और उसके सहयोगी दलाल को मोदी मैदान के पास घूमते दबोच लिया और उनसे कड़ी पूछताछ शुरू की। इस दौरान महिला की कारगुजारियों की परतें एक के बाद एक खुलती गई और सारा मामला सामने आ गया। पुलिस ने आरोपी महिला को साथ लेकर उसके कमरे में दबिश दी। जहां से हजारों की नगदी, कई मोबाईल और अनेक आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की।

**दून में सरेआम गुंडागर्दी....**ब्रिगेडियर वीके जोशी इस खूनी खेल का शिकार बन गए। एक गोली सीधे उनके शरीर में जा धंसी और वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। वारदात के दौरान दहशत के कारण भागने की कोशिश कर रही फॉर्च्यूनर कार जोहड़ी गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के पास अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। इसके बावजूद हमलावरों का तांडव नहीं रुका; उन्होंने कार रुकते ही उसमें सवार लोगों को बाहर खींचकर बेरहमी से पीटा और वाहन को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में फॉर्च्यूनर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद स्कॉर्पियो सवार सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र डोबाल, एसपी सिटी और राजपुर थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा। गंभीर रूप से घायल रिटायर्ड ब्रिगेडियर जोशी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत की खबर फैलते ही सैन्य बाहुल्य क्षेत्र और उनके परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। अस्पताल पहुंचे एसएसपी के सामने स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने पुलिस को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र के जंगलों में नशे का काला कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है और पिछले 10 वर्षों से बाहरी लोगों का सत्यापन तक नहीं किया गया है। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे जिले में नाकेबंदी के आदेश दिए हैं और संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार स्कॉर्पियो सवारों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। राजधानी के बीचों-बीच एक सम्मानित पूर्व सैन्य अधिकारी की इस तरह सरेराह हत्या ने आम जनता के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

**दल बदलने वाले...**दस साल पहले निष्कासित हो गया है, मुख्यमंत्री का यह बयान स्पष्ट करता है कि भाजपा के लिए इन नेताओं का जाना कोई क्षति नहीं, बल्कि पार्टी के शुद्धिकरण का हिस्सा है। मुख्यमंत्री का सबसे महत्वपूर्ण बयान तब आया जब उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा अपना ही माल था तुम्हारा, तुम ही ले जाओ। इस मुहावरे के जरिए उन्होंने कांग्रेस को आईना दिखाते हुए कहा कि वे उन्हीं लोगों को वापस ले रहे हैं जिन्हें भाजपा ने कभी अवांछित मानकर हटा दिया था। समीक्षात्मक दृष्टि से देखा जाए तो, मुख्यमंत्री धामी का यह वीडियो उनकी राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। वे न केवल विपक्ष के हमलों का कड़ा जवाब दे रहे हैं, बल्कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर झूठे नैरेटिव चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दे नहीं हैं और वे सिर्फ अफवाहें फैलाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता इन झूठे नैरेटिवों का जवाब देगा और जनता को सच बताएगा। मुख्यमंत्री धामी ने अपनी सख्त छवि और बेबाक अंदाज से एक बार फिर उत्तराखंड की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ का परिचय दिया है।

**मुख्यमंत्री धामी आज...**काशीपुर के लिए रवाना होगा। काशीपुर में मुख्यमंत्री प्रसिद्ध मां बालसुंदरी देवी मंदिर चैती मेला परिसर पहुंचेंगे, जहां वे भजन संध्या का विधिवत शुभारंभ करेंगे। मेले में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्थानीय जनता और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भजन संध्या के कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री कार द्वारा खटीमा के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 5:30 बजे गदरपुर पहुंचेंगे। यहां उनका स्वागत कार्यक्रम बलरामनगर मोड़, सेंट मेरी स्कूल के निकट, गदरपुर बाईपास पर आयोजित किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री के स्वागत को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। गदरपुर के पश्चात सीएम धामी का जिला मुख्यालय रूद्रपुर पहुंचने पर इंदिरा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के अभिनंदन की तैयारियों में लगे हैं। मुख्यमंत्री के इस संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण दौरे को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**पैरोल पर रिहा...**गए थे। इसी क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन में ट्रांजिट कैंप पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड नंबर 24 रम्पुरा स्थित एक किराए के मकान में दबिश दी। वहां से पुलिस ने पप्पू पुत्र मदन लाल और उसकी पत्नी रूपवती को गिरफ्तार किया। दोनों मूल रूप से मोहल्ला पकड़िया, थाना कोतवाली पीलीभीत नगर के निवासी हैं और वर्तमान में रुद्रपुर के रम्पुरा में पहचान छिपाकर रह रहे थे। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार किए गए दोनों बंदी मुकदमा अपराध संख्या 30/2019 के अंतर्गत धारा 364, 302, 201, 377 और 5/6 पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त थे। कोविड महामारी के दौरान इन्हें पैरोल पर रिहा किया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी इन्होंने न्यायालय या जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया था। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अकरम अहमद और अपर उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश बबाढी शामिल रहे। पुलिस अब दोनों को जेल भेजने की अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

**फर्जी वीजा का ...**उपलब्ध कराए। पीड़ित ने जब इन दस्तावेजों की जांच संबंधित कंपनियों और एयरलाइन से की, तो पता चला कि वे पूरी तरह फर्जी थे। कंपनियों ने स्पष्ट किया कि उनकी ओर से ऐसी कोई नौकरी या टिकट जारी ही नहीं किया गया है। ठगी का अहसास होने पर जब पीड़ित ने अपनी धनराशि वापस मांगी, तो आरोपियों ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया और पुलिस में शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने इस संबंध में थाना ट्रांजिट कैंप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी सूचित किया था, लेकिन रिपोर्ट दर्ज न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। अब न्यायालय के आदेश पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मैसर्स वर्ल्ड ट्रैवल एडवाइजर संस्था सहित अनिशा, कुलदीप वोहरा, ईशान और अनामिका शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में धोखाधड़ी, जालसाजी और षड्यंत्र का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

**जमीनी विवाद में चली...**ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी संजय पाठक और चौकी प्रभारी विजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर और क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला पूरी तरह भूमि विवाद से जुड़ा पाया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। समाचार लिखे जाने तक मामले में पुलिस को तहरीर नहीं मिली थी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)













# रूद्रपुर पहुंचने पर कांग्रेस नेता ठुकराल का हुआ भव्य स्वागत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के बाद रविवार की सायं रूद्रपुर पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। बिलासपुर मार्ग पर त्रिशूल चौक से आगे पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने जयघोषों के साथ उनका मल्यार्पण कर स्वागत किया और जुलूस के रूप में उन्हें नगर के कई प्रमुख मार्गों पर घुमाया। मार्ग में जगह जगह लोगों ने उनका स्वागत किया। सायं काल श्री ठुकराल का किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के स्थानीय आवास विकास स्थित आवास में भी जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि उनका पहला काम रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है साथ ही सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को साथ लेकर वह कार्य करेंगे। श्री ठुकराल ने कहा कि अगर पार्टी द्वारा उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में रूद्रपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का अवसर दिया तो वह इस सीट से जीत हासिल कर पार्टी को तोहफा देंगे।

# मेट्रोपोलिस रेजिडेंस एसो. के शंकर अध्यक्ष व पूरन सचिव निर्वाचित

## पीयूष उपाध्याय और जितेंद्र कोषाध्यक्ष बने



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर शंकर सिंह पटवाल ने निवर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र शाही को 107 मतों से हराकर जीत दर्ज की। वहीं पीयूष भाटिया उपाध्यक्ष, पूनम वर्मा सचिव और जितेन्द्र सिंह गए चुनाव में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात पर्यवेक्षकों की देखरेख में मतगणना का कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर शंकर सिंह पटवाल ने अपने प्रतिद्वंद्वी निवर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र शाही को 107 मतों से परास्त किया। शंकर सिंह पटवाल को 286 मत और देवेन्द्र शाही को 179 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर पीयूष भाटिया ने विक्रांत फुटेला को 139 मतों से पराजित किया। भाटिया को 301 मत और विक्रांत को 162 मत मिले। सचिव पद पर पूनम वर्मा ने राजीव भटनागर को 123 मतों से हराया। पूनम को 234 और भटनागर को 171 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सिंह उर्फ जीवन ने प्रवीण कोठारी को 119 मतों से शिकस्त दी। उन्हें 301 मत मिले, जबकि प्रवीण को 162 मत प्राप्त हुए। सदस्य पद पर सज्जन सिंह, शशि श्रीवास्तव, पंकज तिवारी और नीशु विजयी निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव एसडीएम ऋचा सिंह और तहसीलदार दिनेश कुटोला की देखरेख में संपन्न हुए। कुल 689 मतदाताओं में से 467 ने मतदान में प्रतिभाग किया। मेट्रोपोलिस रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव को एसडीएम कोर्ट में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और चार सदस्य पदों के लिए कुल 46 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें से 30 उम्मीदवार मैदान में रहे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक चला। चुनाव अधिकारी एसडीएम ऋचा सिंह व तहसीलदार दिनेश कुटौला ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इससे पूर्व शनिवार की रात्रि कालोनी में फर्जी वोट बनाए जाने के आरोपों को लेकर खूब हंगामा भी हुआ। आरोप था कि हाउसिंग क्लब कार्यालय में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजली बिल की नो ड्यूज रसीद जारी कर अपात्र लोगों को मतदान का अधिकार दे रहा है। जिससे कॉलोनी मके लोगों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर लोगों से विस्तार से जानकारी ली और आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर को अपनी हिरासत में ले लिया। जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

# पेंचक सिलाट महिला खिलाड़ियों ने जीता स्वर्ण व रजत पदक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया साई सेंटर नेहु शिलांग मेघालय में 27 से 29 मार्च 2026 तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सौजन्य एवं इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के सहयोग से आयोजित "पेंचक सिलाट आश्मिता खेलो इंडिया नेशनल लीग 2026" में उत्तराखंड की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 700 से अधिक चयनित वरिष्ठ महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।देवभूमि उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रही रुद्रपुर की तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों तनुजा बुंगला, सुनीता भट्ट और पूजा मेहर ने पेनकक सिलाट के रेगु टीम इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। इसके साथ ही फाइटिंग (टांडिंग) इवेंट में 50-55 किलोग्राम



भार वर्ग में पूजा मेहर ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड को एक और बड़ी सफलता दिलाई। खिलाड़ियों के कोच एवं पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव बबलू दिवाकर ने बताया कि सभी खिलाड़ी रुद्रपुर स्थित दिवाकर स्पोर्ट्स एंड फिटनेस एकेडमी में प्रतिदिन 4 से 6 घंटे कठोर प्रशिक्षण करते हैं। जिसका परिणाम इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में सामने आया है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले तीन वर्षों से उत्तराखंड की वरिष्ठ महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन लगातार सराहनीय रहा है और इस वर्ष भी सभी खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को इंडियन पेनकक सिलाट फेडरेशन के चेयरमैन मोहम्मद इकबाल द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। रेगु टीम इवेंट में रजत पदक जीतने वाली टीम तनुजा बुंगला, सुनीता भट्ट और पूजा मेहर को 30 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं फाइटिंग इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने पर पूजा मेहर को 12 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह उपलब्धि न केवल रुद्रपुर बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है और प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

